भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1710

10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि जीडीपी

1710. श्रीमती रचना बनर्जीः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कृषि-सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि पिछले वर्ष में 4.6% से घटकर वर्ष 2025-26 में केवल 3.1% रह जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश का 46 प्रतिशत से अधिक भू-भाग कृषि भूमि है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2025 में पुरुष और महिला कृषि श्रमिकों की औसत दैनिक मजदूरी का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद के पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, पशुधन, वानिकी और मत्स्य पालन सहित कृषि का सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) पिछले वर्ष की तुलना में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 25,54,071 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था। इसके अतिरिक्त, प्रथम अग्रिम अनुमान, वर्ष 2025-26 के अनुसार खरीफ खाद्यान्न का उत्पादन रिकॉर्ड 1733.30 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के 1694.60 लाख टन के खरीफ खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 38.7 लाख टन की वृद्धि दर्शाता है।

(ख) और (ग): वर्ष 2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, लगभग 46.1% कार्यबल कृषि क्षेत्र में कार्यरत है। इसके अतिरिक्त, भारत में वर्ष 2023-24 कृषि मजदूरी के आंकड़ों के अनुसार जुताई, बुआई, निराई और कटाई करने वाले कृषि मजदूरों की अखिल भारतीय प्रचलित औसत दैनिक मजदूरी पुरुषों के लिए 419.90 रुपये प्रति दिन और महिलाओं के लिए 360.45 रुपये प्रति दिन है।

******